# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

अक्टूबर–दिसम्बर, 2019




Celebrating 71st REPUBLIC Day of INDIA

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED





# संपादकीय

प्रिय पाठकों,
नव वर्ष 2020 में गृह पत्रिका गंगावतरणम का नवीन अंक आप सभी को प्रेषित करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। इस नए अंक के साथ ही संपादक मंडल में कुछ नए और युवा साथी मेरा सहयोग करने के लिए मनोनीत किये गए है, इन सभी के सहयोग से हम पत्रिका में साहित्यिक रचनात्मकता के स्तर को बढ़ाने में सफल होंगे यह मेरी आशा है ।

"सुझाव ही सफलता की कुंजी है "यह मेरा विश्वास है ! आशा है आप सभी पाठकों के सुझाव पत्रों द्वारा तथा व्यक्तिगत रूप से मुझे निरंतर प्राप्त होते रहेंगे, जिससे पत्रिका को और रुचिकर बनाने में हमें सहायता मिलेगी।

संपादकीय के माध्यम से सभी पाठकों से मेरी अपील है कि लेख, कविताएं व अन्य रचनाओं के द्वारा पत्रिका में अधिक से अधिक योगदान दें, गंगावतरणम हम सभी की पत्रिका है और हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी ! कई बार स्थान के अभाव के कारण कई रचनाओं को जगह नहीं मिल पाती, लेकिन हमारा प्रयास रहता है कि अगले अंक में उन्हें उचित स्थान मिले।

अंत में, मैं यही कहना चाहूँगा, "Reading makes a ready man, Writing makes an exact man, dialogue makes a full man..."

**डॉ. ए.एन. त्रिपाठी**
संपादक

# CONTENTS


Director (P) Message ........ 1
CMD Message ........ 2
THDCIL paid Dividend to GoI ........ 4
National level Painting Competition ........ 5
Republic Day Celebrations ........ 6
Outstanding Performer Award ........ 9
Inauguration of Activities for 1st unit of PSP ........ 9
D (F) Visit to Tehri Complex ........ 10
D (T) Visit to Koteshwar HEP ........ 10
Allotment Agreement of Amelia Coal Mine, Singrauli ........ 11
Former PM visit to Tehri Complex ........ 12
Cultural program & Inauguration of Sport Complex KHEP ........ 12
Press Meet at KHEP ........ 13
Blood Donation Camp at KHEP ........ 13
Raj Bhasha Program at KHEP ........ 13
Kavi Sammelan at Tehri Complex ........ 14
PF Compliance, Operation of UAN Program ........ 14
PF and ESI Awareness program ........ 15
Vigilance Awareness Week ........ 16
Unity and Constitution Day ........ 17
CSR Activities ........ 18
Blood Donation Camp by Chaukhamba ........ 19
CSR Activities by Ladies Welfare Association ........ 20
A Writeup on Mushroom Plantation ........ 22
Tranings at HRD Center ........ 24
Ladies Club Activities ........ 26
NCQC-2019 Par Excellance Award ........ 28
Officer's Club, (Tehri, Rishikesh) ........ 29
Supervisor's and Drivers/Helpers Club Program ........ 30
Cultural Program at Tehri Complex ........ 30
A Writeup on Yoga ........ 31
Sports Activities ........ 32
Retirement List



| | सम्पादक मंडल | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समन्वयक | | | |
| **मुख्य संरक्षक**<br>श्री डी.वी. सिंह<br>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक | **सम्पादक**<br>डॉ. ए. एन. त्रिपाठी<br>उप महाप्रबंधक<br>(कार्मिक–नीति व का.सं.) | **उप–सम्पादक**<br>अनामिका बुडाकोटी<br>उप प्रबंधक (का.सं.) | **ऋषिकेश**<br>जे.एल. भारती<br>ज.स. अधिकारी | **कोटेश्वर**<br>आर.डी. ममगाई<br>वरि. ज.स. अधिकारी | **कौशाम्बी**<br>बी.एस. चौहान<br>ज.स. अधिकारी<br>**खुर्जा**<br>संजीव नौटियाल<br>वरि. कार्मिक अधिकारी |
| **संरक्षक**<br>श्री विजय गोयल<br>निदेशक (कार्मिक) | **उप–सम्पादक**<br>गौरव कुमार<br>उप प्रबंधक ( का.सं.) | **मुख्य समन्वयक**<br>जाकिर हुसैन<br>वरि. ज.स. अधिकारी | **टिहरी**<br>मनबीर नेगी<br>उप प्रबंधक (ज. स.) | **पीपलकोटी**<br>बी.एस. उनियाल<br>उप प्रबंधक (ज. स.) | **ढुकवा**<br>नेल्सन लाखरा<br>वरि. प्रबंधक (कार्मिक) |

# निदेशक(कार्मिक) की कलम से...





प्रिय साथियों

नव वर्ष 2020 में गंगावतरणम् के माध्यम से पहली बार आप सभी से संवाद करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। नूतन वर्ष आप सभी व आपके परिवार के लिए स्वस्थ एवं सुखदायी हो यह मेरी कामना है।

हाल के वर्षों में गंगावतरणम् प्रबंधन संवाद का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, इसकी मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रसन्नता है। पत्रिका के लेख, रिपोर्ट व साक्षात्कार आदि काफी ज्ञानवर्धक होते हैं तथा पत्रिका के डिजाईन व ले–आउट में निरंतर नवाचार से पाठकों में इसकी लोकप्रियता बढ़ी है।

विगत तिमाही में कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ घटित हुई है, जैसे दिनांक 27.09.2019 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक व संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य अमीलिया कोल माईन के लिए Reduction in Peak Rated Capacity (PRC) and Amendment in Allotment समझौता, भारत सरकार को रूपये 93.77 करोड़ का लाभांश दिया गया। टीएचडीसीआईएल द्वारा नोडल एजेंसी के रूप में भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन। इन सभी उपरोक्त गतिविधियों को पत्रिका में प्रमुखता से जगह दी गयी है ।

निगम द्वारा कुछ नवीन स्थानों एवं परियोजनाओं पर कार्यालय स्थापित किये गए हैं, जिनका वर्तमान में पत्रिका के संपादक मंडल में उचित प्रतिनिधित्व नहीं हो पा रहा था। इसलिए कुछ बदलाव भी आवश्यक प्रतीत हो रहे थे, जिसको ध्यान में रखते हुए गृह पत्रिका के संपादक मंडल का पुनर्गठन किया गया है। संपादक मंडल में सभी परियोजनाओं का प्रतिनिधित्व तथा जनसंपर्क टीम की युवा पीढ़ी को समायोजित किया गया है। मुझे आशा है कि इस परिवर्तन से पत्रिका को नयी ऊर्जा मिलेगी।

कॉरपोरेट संचार विभाग अपनी कार्यप्रणाली में नवाचार के माध्यम से नित नये प्रयोग करता रहता है। इसी क्रम में सोशल मीडिया के प्रभावी संचालन के लिए Social Media Centre का गठन किया गया है। मेरी ओर से इसके लिए बधाई।

हाल ही में टीएचडीसीआईएल की Quality Circle टीमों ने IIT BHU Campus में आयोजित National Convention on Quality Circle में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मेरी ओर से सभी टीम सदस्यों को आशीर्वाद और स्नेह।

मुझे आशा है कि आप सभी को पत्रिका का यह नवीन अंक पसंद आएगा–" Today a reader... Tomorrow a leader"

भवदीय

(विजय गोयल)
निदेशक(कार्मिक)

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का गणतंत्र दिवस संदेश



टीएचडीसी परिवार के समस्त सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों को देश के 71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें। आज का दिन भारतवर्ष के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं क्योंकि आज के ही दिन यानि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकार करने के पश्चात देश में लागू किया गया, जिसके फलस्वरूप हमारा देश भारत एक संप्रभु लोकतान्त्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारत जैसे लोकतांत्रिक गणतंत्र के नागरिक के रूप में आप सभी को यह शुभकामनायें प्रदान करते हुए मुझे व्यक्तिगत हर्ष की अनुभूति हो रही है।

गणतंत्र दिवस हम सभी भारतवासियों को आत्मावलोकन का सुअवसर प्रदान करता है और हम सभी के समक्ष यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि एक जिम्मेदार नागरिक तथा संस्था के रूप में हमारा भारत की विकास यात्रा में क्या योगदान रहा। राष्ट्र निर्माण में टीएचडीसी इंडिया लि. की भूमिका पर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि टिहरी बांध और कोटेश्वर बांध परियोजनायें आज भारत के विकास का परिचायक बन चुकी है। साथ ही गुजरात के पाटन एवं देवभूमि द्वारिका में स्थित पवन ऊर्जा प्लांट देश की विद्युत उत्पादन क्षमता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**"विद्युत उत्पादन हमारी कटिबद्धता.... समाज का विकास हमारी प्रतिबद्धता..."** के अपने ध्येय को चरितार्थ करते हुए हम निरंतर देश के विद्युत उत्पादन में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में भारतीय विद्युत परिदृश्य में हमारा कुल योगदान 1513 मेगावाट का है। इसी कड़ी में ढुकवा लघु जल विद्युत परियोजना (24 मेगावाट) की तीनों इकाइयों को सफलतापूर्वक ग्रिड से जोड़ा जा चुका है, जिससें हमारी संस्थापित क्षमता बढ़कर 1537 मेगावाट होने जा रही है।

कई गंभीर चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के बाद टिहरी पीएसपी (1000 मेगावाट) जल विद्युत परियोजना पर निर्माण कार्य संतोषजनक रूप से गतिमान है और विष्णुगाड पीपलकोटी (444 मेगावाट) जल विद्युत परियोजना पर भरसक प्रयासों के बावजूद निर्माण कार्य आशानुरूप नहीं चल पा रहे हैं। हम परियोजना कार्यों को सुचारू रूप से चलाने हेतु सतत प्रयासरत हैं। आशा है निकट भविष्य में हमें संतोषजनक परिणाम प्राप्त हो पायेगें।

खुर्जा सुपर थर्मल पॉवर प्लांट (1320 मेगावाट) के कुल 07 पैकेजों में से 02 मुख्य पैकेजों के कार्य अवार्ड किये जा चुके हैं और कार्यकारी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्य आरम्भ कर दिए गए हैं, 03 पैकेजों पर टेंडरिंग का कार्य प्रगति पर है। परियोजना हेतु रेलवे साइडिंग के दो पैकेजों के कार्य हेतु भी निविदाएं आमंत्रित कर दी गयी हैं।

भारत सरकार द्वारा सौर ऊर्जा विकास का जो कार्य हमें सौपा गया है, उसके प्रथम चरण के अंतर्गत केरल के कासरगोड में 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा सयंत्र के कार्य को और सुगम बनाने हेतु कासरगोड में कार्यालय भी स्थापित किया जा चुका हैं। कार्यदायी संस्था "टाटा पॉवर सोलर" ने निर्माण स्थल पर आवश्यक कार्य आरम्भ कर दिए हैं। इसके अतिरिक्त कासरगोड जिले के अम्बलतारा में 5 मेगावाट के अन्य सौर ऊर्जा सयंत्र को विकसित करने हेतु केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के साथ पॉवर सेल अग्रीमेंट हस्ताक्षरित किया गया है।

भारत सरकार की सोलर पालिसी 2019 के तहत महत्वाकांक्षी सोलर पार्क स्कीम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में 1800 मेगावाट के अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पॉवर पार्क को विकसित करने की जिम्मेदारी टीएचडीसी इंडिया लि. को सौंपी गयी है। इस परियोजना के निर्माण व विकास के लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA) के

साथ मिलकर Special Purpose Vehicle स्थापित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के ललितपुर, जालौन, झाँसी, बुंदेलखंड, मिर्जापुर आदि जिलों में सोलर पार्क विकसित करने हेतु भूमि की उपलब्धता की जाँच की जा रही है और शीघ्र ही हम भूमि क्रय कर इस कार्य को आगे बढ़ायेंगे। भारत सरकार की इसी स्कीम के तहत राजस्थान में भी 1500 मेगावाट के अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पॉवर पार्क को विकसित करने की जिम्मेदारी टीएचडीसी इंडिया लि. को सौंपी गयी है। इस परियोजना के निर्माण व विकास के लिए राजस्थान सरकार/ राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लि. (RREC) के साथ मिलकर सयुंक्त उपक्रम के तौर पर Special Pupose Vehicle स्थापित किया जायेगा।

दिनांक 27.09.2019 को टीएचडीसी इंडिया लि. व कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य अमेलिया कोल माईन के लिए Reduction in Peak Rated Capacity (PRC) and Amendment in Allotment Agreement पर हस्ताक्षर हुए। संशोधित PRC के आधार पर तैयार किये गए नए माइनिंग प्लान की स्वीकृति प्रक्रिया कोयला मंत्रालय से प्रगतिशील है।

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निगम द्वारा हरिद्वार एवं सिंगरौली (मध्य प्रदेश) को "आकांक्षी जिले" के रूप में अपनाया गया है जिसके तहत हरिद्वार में विकास कार्य सम्पादित करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं।

निगम के सेवारत व सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को अत्याधुनिक, बेहतर और सुगम उपचार सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से AIIMS Rishikesh के साथ एक समझौता पूर्व में किया गया था, इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए, परियोजना प्रभावितों को मधुमेह के इलाज हेतु मुफ्त इंसुलिन उपलब्ध कराने हेतु भी AIIMS Rishikesh के साथ एक समझौता किया गया है। साथ ही निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापरक व सस्ती दवाइयां इत्यादि उपलब्ध करने के उद्देश्य से "अमृत फार्मेसी" जो भारत सरकार के उपक्रम एच एल एल लिमिटेड के अधीन है के साथ भी समझौता किया गया है, जिसके तहत "अमृत फार्मेसी" द्वारा ऋषिकेश औषधालय में एक मेडिकल स्टोर खोल दिया गया है।

किसी भी देश को बिना विद्युत के गतिमान बनाये रखना संभव नहीं है। विद्युत उत्पादन क्षमता देश की विकास दर निर्धारण का एक महत्वपूर्ण पैमाना है और टीएचडीसी इंडिया लि. देश की विद्युत आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण भागीदार है, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।

**"ऊर्जा उत्पादन"** ही नहीं **"ऊर्जा संरक्षण"** भी वर्तमान समय की आवश्यकता है और हमारा कारपोरेशन ऊर्जा संरक्षण का सन्देश घर–घर तक पहुचाने में अपना योगदान दे रहा है। भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण अभियान के अंतर्गत टीएचडीसी इंडिया लि. नोडल एजेंसी के रूप में प्रतिवर्ष "उत्तराखंड राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता " का आयोजन करते हुए अपना योगदान सुनिश्चित करती आ रही है।

वर्ष 2018–19 के अवशेष लाभांश के रूप में हमने भारत सरकार को 93.77 करोड़ रूपये तथ उत्तर प्रदेश सरकार को 32.23 करोड़ रूपये का भुगतान हाल में ही किया है, इस प्रकार 2018–19 के लाभांश के रूप में भारत सरकार को कुल 408.52 करोड़ रूपये तथा उत्तर प्रदेश सरकार को कुल 140.59 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। हाल में ही टीएचडीसी इंडिया लि. को 1500 करोड़ रूपये के बांड सफलतापूर्वक जारी करने के लिए Bombay Stock Exchange (BSE) द्वारा "Outstanding Performer Award" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान टीएचडीसी इंडिया लि. के लिए और बेहतर करने की प्रेरणा है। उपरोक्त से हमारी सुदृढ़ तकनीकी व वित्तीय क्षमता परिलक्षित हो रही है।

गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर मैं आप सभी से अपने–अपने कार्य स्थलों पर "कंपनी फर्स्ट" की अवधारणा पर विचार करते हुए निगम हित में अपना सम्पूर्ण योगदान देने की आशा करता हूँ और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समेकित प्रयासों से टीएचडीसी इंडिया लि. आने वाले दिनों में भी देश की विकास गाथा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।

जय हिंद।

(डी.वी.सिंह)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# टीएचडीसीआईएल ने भारत सरकार को दिया लाभांश




टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2018–19 की वित्तीय उपलब्धियों के आधार पर भारत सरकार को ₹ 93,76,92,000/– (₹ तिरानवे करोड़ छिहत्तर लाख बानवे हजार मात्र) का लाभांश दिया। इस लाभांश का चेक टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा माननीय केंद्रीय ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री आर.के. सिंह को विद्युत मंत्रालय में 17 अक्टूबर 2019 को प्रदान किया।

इस अवसर पर सचिव ऊर्जा भारत सरकार श्री एस.सी. गर्ग, आर्थिक सलाहकार, ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार श्री राजपाल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) श्री अनिरूद्ध कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

इस प्रकार 2018–19 के लाभांश के रूप में भारत सरकार को कुल 408.52 करोड़ रूपये तथा उत्तर प्रदेश सरकार को कुल 140.59 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है।

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्तराखंड की स्नेहा कश्यप तृतीय स्थान पर




**ऋषिकेश, 14 दिसम्बर, 2019**

**"ऊर्जा उत्पादन"** ही नहीं **"ऊर्जा संरक्षण"** भी वर्तमान समय की आवश्यकता है और हमारा कारपोरेशन ऊर्जा संरक्षण का सन्देश घर–घर तक पहुंचाने में अपना योगदान दे रहा है।

भारत सरकार के ऊर्जा सरंक्षण अभियान–2019 के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भाँति टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा नोडल एजेन्सी के रूप में "उत्तराखंड राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता" का आयोजन 14 नवम्बर, 2019 को निगम के ऋषिकेश स्थित कार्यालय परिसर में कराया गया। प्रतियोगिता में लगभग 19,000 स्कूली छात्र–छात्राओं ने आवेदन किया था, जिसमें चयनित 100 बच्चों में विजेता प्रतिभागी बच्चों को "राष्ट्रीय स्तर" पर 12 दिसम्बर, 2019 को एनटीपीसी लिमिटेड के पीएमआई, नोएडा में आयोजित की गयी प्रतियोगिता में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण अभियान–2019 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में श्रेणी (ख) में उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित आचार्य कुलम, पतंजलि योगपीठ से कक्षा 7 की छात्रा कुमारी स्नेहा कश्यप तृतीय स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त श्रेणी (ख) में हरिद्वार के दिल्ली पब्लिक स्कूल से कक्षा 7 की छात्रा कुमारी साक्षी साहू व श्रेणी (क) के अंतर्गत हरिद्वार से ही आचार्य कुलम, पतंजलि योगपीठ से कक्षा 5 की छात्रा कुमारी सान्या सेजल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। 14 दिसम्बर, 2019 को भारत सरकार द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री आर.के. सिंह ने विजेता बच्चों को सम्बोधित करते हुए कुमारी स्नेहा कश्यप सहित अन्य विजेताओं को सम्मानित किया।

समारोह के दौरान केन्द्रीय विद्युत सचिव श्री संजीव नन्दन सहाय भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य में चित्रकला प्रतियोगिता को आयोजित कराने के लिए नामित नोडल एजेन्सी टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री डी.वी. सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल, महाप्रबन्धक (एस.पी.) श्री आर. एन. सिंह, अपर महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन) व नोडल अधिकारी, राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता श्री एन. के. प्रसाद, उप महाप्रबन्धक (का. एंव प्रशा.) व समन्वय अधिकारी श्री एस.एम. सिद्धीकी, प्रबन्धक (कार्मिक) श्री दिलीप कुमार द्विवेदी व वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी श्री प्रशांत चौधरी तथा प्रतिभागी बच्चों के अभिभावक, संबंधित स्कूलों के अध्यापक तथा अन्य प्रतिष्ठानों के अधिकारीगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# 71वां गणतंत्र दिवस

26 जनवरी, 2020 को कारपोरेशन के सभी कार्यालयों, परियोजनाओं, तथा इकाईयों में हर्षोल्लास के साथ 71वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराने के साथ ही अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह का गणतंत्र दिवस संदेश पढ़ा गया।



## ऋषिकेश

गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश तथा परियोजना कार्यालयों व यूनिटों में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में कार्यक्रम का शुभारंभ कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री डी.वी. सिंह ने राष्ट्र ध्वज फहरा कर किया। इस अवसर पर सुरक्षा कर्मियों तथा स्कूल के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। श्री सिंह ने मार्च पास्ट व परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। इसके उपरांत श्री सिंह ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व, कॉरपोरेशन की उपलब्धियां व भावी कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उक्त समारोह में टीईएस हाईस्कूल, ऋषिकेश के छात्र–छात्राओं द्वारा अनेक मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे देशभक्ति, गढ़वाली, राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करने के साथ ही रायवाला आर्मी बैण्ड का भी प्रदर्शन हुआ जिससे समारोह की शोभा और अधिक बढ़ गयी। इसके साथ ही पंजाबी भांगड़ा भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल, निदेशक (वित्त) श्री जे. बेहेरा, निदेशक (तकनीकी) श्री राजीव विश्नोई, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री बी.पी. गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (सर्विसेज/सामाजिक व पर्यावरण) श्री एच.एल. भारज, कार्यपालक निदेशक (ओ.एंडएम./एमपीएस) श्री मुहर मणि, अपर महाप्रबन्धक (कार्मिक व प्रशासन) श्री एन.के. प्रसाद व उप महाप्रबन्धक (कार्मिक–नीति/कॉ.सं.) डॉ. ए.एन. त्रिपाठी सहित अनेक वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



# हर्षोल्लास से मनाया गया

## टिहरी

गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी द्वारा राष्ट्रध्वज फहरा कर किया गया। श्री बडोनी ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं ई.एम.बी. टिहरी बाँध परियोजना इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा दी जाने वाली परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली।




अधिशासी निदेशक (टी.सी.) ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के संदेश का अवलोकन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक व संस्था के रूप में अपने देश के विकास में योगदान देना है साथ ही हमें अपना हर कार्य आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण को सुदृढ़ रखते हुए करना है।



इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों के छात्र–छात्राओं एवं परेड में बेस्ट कमांडर, बेस्ट कैडेट की श्रेणी प्राप्त करने वाले सी.आई.एस.एफ के कार्मिकों एवं विद्यालय के छात्रों को अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी, एवं श्रीमती अनुराधा बडोनी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## कोटेश्वर

श्री यू.के. सक्सेना, महाप्रबंधक (परियोजना) ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ओंकारानंद सरस्वती पब्लिक स्कूल कोटेश्वर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी।



# THDC Celebrates Republic Day

## पीपलकोटी

गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री के. पी. सिंह, महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया गया। इस अवसर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।






## एनसीआर कार्यालय, कौशाम्बी

महाप्रबंधक श्री यू.सी. कन्नौजिया, कौशाम्बी कार्यालय में राष्ट्र ध्वज फहराते हुए।



## खुर्जा

केएसटीपीपी खुर्जा परियोजना में मुख्य अतिथि श्री एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज खेलों का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को महाप्रबंधक (परियोजना), खुर्जा द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



## ढुकवां

ढुकवां लघु जल विद्युत परियोजना कार्यालय बबीना, झाँसी में श्री हरेन्द्र वाधवा, महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



## मलेरी झेलम, झेलम तमक।

जोशीमठ में स्थित मलेरी झेलम, झेलम तमक के कार्यालय में गणतंत्र दिवस का एक दृश्य।



# टीएचडीसीआईएल ऋण बाजार में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार से सम्मानित

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज द्वारा दिल्ली में 06 दिसंबर, 2019 को आयोजित एक




सम्मेलन में ऋण बाजार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अवार्ड (outstanding performer award in debt market) से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड 1500 करोड़ के कॉरपोरेट बॉन्ड सफलता पूर्वक जारी करके फंड प्राप्त करने के लिए दिया गया। श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त) एवं श्रीमती रश्मि शर्मा, कंपनी सचिव द्वारा अवार्ड प्राप्त किया गया। टीएचडीसीलआईएल ने फंड जुटाने के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा प्रबंधित बीएसई बॉन्ड प्लेटफार्म का प्रयोग किया। कंपनी इस वर्ष एक प्रमुख जारीकर्ता के रूप में उभरी है एवं ऋण बाजार में निवेशकों के मध्य भारी लोकप्रियता हासिल कर रही है।

# टिहरी पम्प स्टोरेज प्लांट (1000MW टिहरी स्टेज- II) की प्रथम यूनिट स्थापित करने की गतिविधियों की शुरूआत

16 दिसम्बर, 2019 को एक मील का पत्थर हासिल करते हुए टिहरी पम्प स्टोरेज प्लांट की प्रथम यूनिट में इलेक्ट्रो– मैकेनिकल उपकरणों को स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। टिहरी पम्प स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की प्रथम यूनिट से दिसम्बर, 2021 तक बिजली उत्पादन शुरू हो जायेगी। वहीं जून, 2022 तक परियोजना की सभी इकाईयों को चालू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर इलेक्ट्रो– मैकेनिकल उपकरणों हेतु स्थापन कार्य का विधिवत रूप से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा शुभारम्भ किया गया।

उल्लेखनीय है कि मैसर्स जीई पावर फ्रान्स, मैसर्स जीई–एचसीसी कंसोर्टियम इस प्रतिष्ठित आगामी संयंत्र के लिए मुख्य ठेकेदार है वहीं परियोजना के सिविल कार्यो का मुख्य हिस्सा मैसर्स एचसीसी द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। पीएसपी की 250 मेगावाट की चारों प्रतिवर्ति (Reversible) टरबाइनें भारत में पहली बार स्थापित की जाएँगी जो सामान्य टरबाइनों





की तुलना में अधिक प्रभावी है। भारत सरकार वर्ष 2022 तक नवीकरणीय संसाधनों से 175 गीगावाट जोड़ने की योजना बना रही है, जिससे ग्रिड में बिजली की अस्थिरता रहेगी। इस मामले में पीएसपी ग्रिड को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस मौके पर अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी, अधिशासी निदेशक (क्यू.ए.ओ.एम.एस./सेफ्टी) श्री मुहर मणि, महाप्रबंधक (के.एच.ई.पी.) श्री पी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (पीसपी) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबंधक (ओ. एंड एम.) श्री सजीव आर, महाप्रबंधक (स्टेज प्रथम) श्री यू.के. ठाकुर, महाप्रबंधक (डिजाइन) श्री अतुल जैन, महाप्रबंधक (जी एंड जी) श्री गजेंद्र सिंह, महाप्रबंधक (पीसपी–ईऐम/एचऐम) श्री एस.एस. पंवार तथा कंसोर्टियम, मैसर्स जीई और मैसर्स एचसीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# निदेशक (वित्त) द्वारा टिहरी बाँध का निरीक्षण

**टिहरी**



17 अक्टूबर, 2019 को टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड के नवनियुक्त निदेशक (वित्त) श्री जे. बेहेरा टिहरी निरीक्षण के लिए पहुँचे। टिहरी आगमन पर सी.आई.एस.एफ. के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी द्वारा श्री बेहेरा को शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (पी.एस.पी.) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबन्धक स्टेज प्रथम श्री यू.के. ठाकुर, अपर महाप्रबन्धक (का. एवं प्र.) श्री वीर सिंह उपस्थित थे।

निदेशक (वित्त) ने उपस्थित सभी यूनियन, एसोसिएशन तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे इस कॉरपोरेशन ने आज जो प्रगति की है वह हम सभी लोगों की कड़ी मेहनत है। सभी के सहयोग से ही टिहरी बाँध परियोजना तथा कोटेश्वर परियोजना का निर्माण निश्चित समय पर पूर्ण हुआ है। इसके साथ ही सरकार द्वारा आवंटित अन्य परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को भी हमें कड़ी मेहनत के साथ पूर्ण कर कॉरपोरेशन की प्रगति में अपनी भागीदारी अदा करनी है। इसके अतिरिक्त श्री बेहेरा ने कहा कि हमें अपने खर्चों में कटौती करनी होगी और कम से कम खर्च में अधिक से अधिक कार्यों को संपादित करना है।

# निदेशक (तकनीकी) कोटेश्वर परियोजना निरीक्षण में

**कोटेश्वर**



03 दिसंबर, 2019 को श्री आर. के. विश्नोई, निदेशक (तकनीकी) कोटेश्वर परियोजना निरीक्षण के लिये पहुचें। इस दौरान उनके साथ श्री वी. के. बडोनी, अधिशासी निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), श्री पी. के. अग्रवाल, महाप्रबन्धक (परियोजना), कोटेश्वर, श्री डी. मणी, महाप्रबन्धक (बांध एवं पावर हाउस) कोटेश्वर के अलावा परियोजना के अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।

> *"I slept and dreamt that life was joy. I awoke and saw that life was service. I acted and behold service was joy."*
>
> *-Rabindranath Tagore*

# Amelia Coal Mine, Singrauli, Madhya Pradesh

## Reduction in Peak Rated Capacity (PRC) and Amendment in Allotment Agreement

The Amelia Coal Mine located in District Singrauli, Madhya Pradesh was allotted to THDCIL by Ministry of Coal, GOI under the Coal Mines (Special Provisions) Act, 2015 vide allotment agreement dated 15.12.2016 for the specific end use plant "Khurja STPP (2X660MW)" at Bulandshahar (UP). THDCIL is committed for the development of the Mine in synchronization with the commissioning of Khurja STPP. As per previously approved Mining Plan vested to THDCIL, the coal reserve of Amelia Coal Mine with a PRC of 8.4 million Tonne per annum (MTPA) was sufficient to meet the coal requirements of Khurja STPP throughout its project life.

However, while granting Forest Clearance Stage-1, Forest Advisory Committee truncated 411.5 ha forest land reducing the mine lease hold area by approx. 25% thereby correspondingly reducing the coal reserve. Keeping the future coal requirements of Khurja STPP in perspective, THDCIL took up the issue of reduction in PRC to 5.6 MTPA with Nominated Authority (NA), Ministry of Coal (MOC) to enable Amelia Coal Mine to cater to the coal requirements of Khurja STPP throughout its project life.

Nominated Authority, vide OM dated 20.09.2019 has accorded its approval for reduction in PRC to 5.6 MTPA from 8.4 MTPA earlier for fulfilling the coal requirement of the specified End Use Plant, Khurja STPP. Although, there was no clause in the allotment agreement to amend the optimal PRC of the Coal Block, NA, MOC reviewing the authenticity of THDCIL's need, allowed the reduction in PRC of Amelia Coal Block making it the first case in the history of allotment of Coal Blocks.

Accordingly, Sh. D. V. Singh, Chairman & Managing Director, THDCIL signed the amendment in the allotment agreement of Amelia Coal Mine with Sh. Ashish Upadhyaya, Joint Secretary, Nominated Authority, Ministry of Coal on 27.09.2019 at MoC, Shastri Bhawan, New Delhi. Sh. U.C.Kannaujia, General Manager (NCR) and Sh. Sanjay Singhal, AGM (Coal/RS) from THDCIL were also present on the occasion.





# माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री एच. डी. देवगौड़ा द्वारा टिहरी बाँध का भ्रमण

**टिहरी।** 06 अक्टूबर, 2019 को माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री एच. डी. देवगौड़ा टिहरी बाँध का भ्रमण



करने टिहरी पहुंचे। परियोजना पहुँचने पर मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल श्री आशीष भटगांई, अधिशासी निदेशक (टी. सी.) श्री वी. के. बडोनी, महाप्रबन्धक (ओ. एण्ड एम.) श्री सजीव आर, अपर महाप्रबन्धक (का. एवं प्र.) श्री वीर सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया।

अधिशासी निदेशक (टी.सी.) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री को टिहरी बाँध के निर्माण, विस्थापन एवं पुनर्वास, रोजगार सम्बन्धी जानकारी दी गयी। परियोजना भ्रमण के दौरान श्री देवगौड़ा ने कहा कि वर्ष 1996 में हमारी सरकार के कार्यकाल के दौरान इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए काफी प्रयास किये गए। उन्होंने कहा कि आज हमें अच्छा लग रहा है कि राष्ट्र हित में यह महत्वाकांक्षी परियोजना बनकर आज देश को रोशन कर रही है। टिहरी बांध के व्यू प्वाइंट से उन्होंने टिहरी झील को निहारा। टिहरी बांध पावर हाउस में उन्होंने विद्युत उत्पादन सम्बन्धी जानकारी ली। महाप्रबन्धक (ओ. एण्ड एम.) श्री सजीव आर ने उन्हें विद्युत उत्पादन संचालन अनुरक्षण के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त, उन्हें कोटेश्वर बांध निर्माण एवं विद्युत उत्पादन सम्बन्धी जानकारी भी उपलब्ध कराई गयी। श्री देवगौड़ा द्वारा टिहरी बांध निर्माण एवं विद्युत उत्पादन की सराहना की गई।

# कोटेश्वर में सांस्कृतिक एवं खेल परिसर "नवरंग" का उद्घाटन

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह ने 11 जनवरी, 2020 को कोटेश्वर में नवनिर्मित "नवरंग" सांस्कृतिक एवं खेल परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर परियोजना परिवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि हम सब लोग टीम भावना से कार्य करते रहेंगे तो कोई भी कार्य हमारे लिए असंभव नहीं होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीएचडीसी इसी प्रकार भविष्य में भी नये–नये कीर्तिमान बनायेगी।

इस अवसर पर श्री पी. के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना)





ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय एवं निदेशक मंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि कोटेश्वर परियोजना में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल गतिविधियों हेतु परिसर का अभाव था, जो आज परियोजना को मिल गया है।

इससे पूर्व, श्री सिंह ने कोटेश्वर एचईपी (4X100 मेगावाट) का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ निदेशक मंडल के सदस्य श्री विजय गोयल, निदेशक (कार्मिक), श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त), श्री आर. के. विश्नोई, निदेशक (तकनीकी) भी उपस्थित थे।

# कोटेश्वर परियोजना में मीडिया कार्यशाला




19 दिसंबर, 2019 को कोटेश्वर परियोजना में "Emerging Trends in Media" कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ श्री पी.के. अग्रवाल महाप्रबन्धक (परियोजना) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाप्रबन्धक द्वारा कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज मीडिया में उभरते हुए ट्रेन्ड को ध्यान में रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिससे भविष्य में इसका लाभ मिलेगा।

कार्यशाला में प्रोफेसर डोभाल एवं शिशिर प्रशान्त ने वर्तमान में मीडिया के आधुनिक तकनीकी शैली के साथ ही उभरते ट्रेन्ड को कैसे उपयोग करना चाहिए विस्तृत रूप से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# कोटेश्वर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटेश्वर**

17 एवं 18 दिसंबर, 2019 को हिमालयन हास्पिटल, जौलीग्रान्ट, देहरादून के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण के साथ–साथ नाक, कान एवं गले के परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि श्री पी. के. अग्रवाल महाप्रबन्धक (परियोजना) ने शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया । शिविर में परियोजना के कर्मचारियों के अलावा सी.आई.एस.एफ. जवानों एवं परियोजना में कार्यरत विभिन्न कंपनियों के कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर शिविर का लाभ उठाया।



# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, केएचईपी, कोटेश्वर में दिनांक 27 नवंबर, 2019 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन ।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोटेश्वर की बैठक में डॉ. ए.सी.जोशी, महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.), ऋषिकेश को उनके सेवा–निवृत्ति पर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए बैठक के सदस्य।

# टिहरी में कवि सम्मेलन का आयोजन

**टिहरी**

टिहरी में 12 दिसम्बर, 2019 को एक हास्य–व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी द्वारा कवियों का उत्तराखंड की संस्कृति से संबंधित साहित्य 'केदारखंड एवं मानसखंड' नामक पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक (टी.सी.) श्री बडोनी, महाप्रबंधक (कोटेश्वर परियोजना) श्री पी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (पी.एस.पी.) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबंधक (ओ. एंड एम.) श्री सजीव आर, महाप्रबंधक (स्टेज–प्रथम) श्री यू.के. ठाकुर, महाप्रबंधक (ईएम/एचएम) श्री एस.एस.पंवार, अपर महाप्रबंधक (का. एवं प्र.) श्री वीर सिंह, उप प्रबंधक (हिंदी) श्री इन्द्रराम नेगी एवं कवियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर प्रख्यात कवियों डॉक्टर ममता शर्मा, श्री राजेंद्र मालवीय, आलसी (इटारसी), डॉ. सुरेश अवस्थी, श्री मनवीर मधुर (मथुरा), श्री गजेन्द्र सोलंकी द्वारा काव्य पाठ किया गया।

कवि सम्मेलन में उपस्थित जन समूह ने भरपूर आनंद उठाया। कवियों द्वारा विभिन्न विषयों जैसे राष्ट्र भक्ति, हास्य–व्यंग्य एवं



श्रृंगार रस जैसी कविताओं से दर्शकों को खूब गुदगुदाया एवं भाव–विभोर किया।

इस अवसर पर पूर्व निदेशक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स एवं सलाहकार टीएचडीसीआईएल श्री पी. सी. नवानी, महाप्रबंधक (कोटेश्वर–परियोजना) श्री पी.के. अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (बीसीएम) श्री अभिषेक गौड़, अपर महाप्रबंधक (गुणवत्ता) श्री दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (आरसीएम) श्री ए.पी. व्यास, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री सीमांत पंत, तथा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कार्मिक एवं उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नीरज सिंह, अनुवादक (हिंदी) द्वारा किया गया।

# P.F. Compliance, Operation of UAN and P.F. Remittance पर एक जागरूकता कार्यक्रम

**ऋषिकेश**

कार्मिक विभाग के आई.आर. अनुभाग द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर, 2019 को ऋषिकेश में "P.F. Compliance, Operation of UAN and P.F. Remittance" विषय पर कारपोरेट कार्यालय में कार्यरत संविदा श्रमिकों, संविदाकारों, इंजीनियर–इन–चार्ज एवं ठेकेदारों के साइट इन–चार्ज तथा वित्त एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री एच.एल. भारज, अधिशासी निदेशक (सर्विसेज, सामाजिक एवं पर्यावरण, एच.आर.डी.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में श्री पंकज कुमार, भविष्य निधि आयुक्त–द्वितीय एवं श्री बी.एस. बिष्ट, प्रवर्तन अधिकारी, भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून उपस्थित थे। श्री कुमार द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पी.एफ. का आनलाइन ऑपरेशन तथा यूए.एन. के सम्बंध में जानकारी दी गयी। उनके द्वारा प्रतिभागियों को P.F. Compliance, Operation of UAN and P.F. Remittaance से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें उचित सलाह एवं उनका मार्ग दर्शन किया गया।

इस अवसर पर श्री एन.के. प्रसाद, अपर महाप्रबंधक, श्री शुभाशिष दुबे, उप महाप्रबंधक, श्री एम.सी. रमोला, उप महाप्रबंधक, श्री मुकेश वर्मा, उप महाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, मै. उपनल रेस्टोरेंट, मै. शिवा लाल सर्विसेज, मै. वी.पी. इंजीनियरिंग, मै. फ्रेंड्स एसोशिएट, संविदा एजेन्सियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सीएलआरए (CLRA) एक्ट के अनुपालन में पी.एफ. तथा ई.एस.आई. पर एक जागरूकता कार्यक्रम

## पीपलकोटी

कारपोरेट कार्यालय कार्मिक विभाग के आई.आर. अनुभाग ऋषिकेश द्वारा 20 नवम्बर, 2019 को विष्णुगाड–पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना, पीपलकोटी में परियोजना में कार्यरत संविदा श्रमिकों, संविदाकारों, इंजीनियर–इन–चार्ज एवं संविदा एजेन्सी के साइट इन–चार्ज हेतु सीएलआरए एक्ट के अनुपालन में पी.एफ. तथा ई.एस.आई. विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री बी.के. सिंह, उप महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.), पीपलकोटी द्वारा किया गया। श्री मुकेश वर्मा, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), ऋषिकेश द्वारा कार्यक्रम से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया, वहीं श्री आलोक ए. टोप्पो, उप प्रबंधक (कार्मिक), ऋषिकेश ने आंतरिक संकाय सदस्य के रूप में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पी.एफ. तथा ई.एस.आई. विषय पर सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी।

इस अवसर पर परियोजना में कार्यरत श्री जे.एस. बिष्ट, उप महाप्रबंधक (एच.एम.), श्री एस.के. सक्सेना, उप महाप्रबंधक (सतर्कता), श्री ए.के. दुग्गल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। वहीं मैसर्स हिंदुस्तान कन्स्ट्रक्शन, मैसर्स पी.ई.एस., मैसर्स उपवन रेस्ट्राउंट, मैसर्स उत्तरांचल केटर्स इत्यादि के ठेकेदार एवं साइट इन–चार्ज उपस्थित थे।



## कोटेश्वर

कारपोरेट कार्यालय कार्मिक विभाग के आई.आर. अनुभाग ऋषिकेश द्वारा कोटेश्वर में भी पी.एफ. तथा ई.एस.आई. विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री बी.के. सिन्हा, उप महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.), कोटेश्वर द्वारा किया गया। श्री मुकेश वर्मा, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं श्री आलोक ए. टोप्पो, उप प्रबंधक (कार्मिक) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर परियोजना में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ–साथ मैसर्स पटेल इंजीनियरिंग लि., मैसर्स कॉम्पैक्ट सिक्यूरिटी, मैसर्स यूपीएनएल इत्यादि के ठेकेदार एवं साइट इन–चार्ज उपस्थित थे।



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

केन्द्रीय सर्तकता आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार टीएचडीसीआईएल के कारपोरेट कार्यालय के साथ–साथ सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों के कार्यालयों सहित दिनांक 28 अक्टूबर से दिनांक 04 नवम्बर, 2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस बार की थीम **"ईमानदारी–एक जीवनशैली"** पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## ऋषिकेश

28 अक्टूबर, 2019 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा गंगाभवन प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयी। शपथ ग्रहण समारोह में निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल, निदेशक (वित्त) श्री जे. बेहेरा व मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी.पी. गुप्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री सिंह, श्री गोयल, श्री बेहेरा, तथा श्री बी. पी. गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से सतर्कता विभाग की पुस्तिका **"PROBLEM AREAS OF CORRUPTION IN WORK CONTRACTS/CONSTRUCTIONS IDENTIFIED BY CTE & SYSTEMATIC IMPROVEMENTS ISSUED BY VIGILANCE DEPARTMENT"** का विमोचन किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान




अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निबंध, भाषण, तथा टी.ई.एस. हाईस्कूल के लिए पोस्टर/कार्टून व स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



## टिहरी

अधिशासी निदेशक (टी.सी.) कार्यालय के प्रांगण में अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी द्वारा उपस्थित सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मध्य टिहरी में कार्यरत कार्मिकों हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम "ईमानदारी–एक जीवनशैली" पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## कोटेश्वर

दिनांक 28 अक्टूबर को श्री डी. मणी, महाप्रबन्धक (बांध एवं पावर हाउस) ने उपस्थित कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ दिलाई ।

श्री पी. के. अग्रवाल, महाप्रबन्धक (परियोजना) ने सप्ताह कार्यक्रम के अर्न्तगत आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।



## एनसीआर, कौशाम्बी



सतर्कता दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए महाप्रबंधक श्री यू.सी. कन्नौजिया।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में टीएचडीसीआईएल के कारपोरेट कार्यालय के साथ–साथ सभी परियोजना कार्यालयों में मनाया गया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए एकता दौड़ (Run for Unity) का आयोजन किया गया।

**ऋषिकेश**



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी.वी. सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी।

**टिहरी**




अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी. के. बडोनी ने उपस्थित सभी कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।



**एनसीआर, कौशाम्बी** महाप्रबंधक श्री यू.सी. कन्नौजिया एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए।



**कोटेश्वर** में श्री डी. मणी, महाप्रबन्धक (बाँध एवं पावर हाउस) ने कर्मचारियों को एकता दिवस की 'शपथ दिलाई।



भारत सरकार के निर्देशानुसार टीएचडीसीआईएल के कारपोरेट कार्यालय के साथ–साथ सभी परियोजना कार्यालयों में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि आज के ही दिन 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान को स्वीकार किया गया था। भारत सरकार द्वारा 2015 में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गई थी।




**ऋषिकेश** कार्यपालक निदेशक श्री एच.एल. भारज संविधान दिवस की शपथ दिलाते हुए।



**टिहरी** अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी एवं अन्य सभी उपस्थित कर्मियों द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना (Preamble) सामूहिक रूप से पढ़ी गयी।



**कोटेश्वर** महाप्रबंधक (परियोजना) श्री पी.के. अग्रवाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई।

# सीएसआर आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियान्वित कार्यक्रमों का निदेशक तकनीकी द्वारा निरीक्षण

**ऋषिकेश**

19 दिसम्बर, 2019 को सामाजिक एवं पर्यावरण क्रेन्द्र जौलीग्राण्ट देहरादून में सेवा–टीएचडीसी एवं कृषि विभाग टिहरी द्वारा संयुक्त रूप से आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण हेतु कर्न्वजेन्स के माध्यम से क्रियान्वित परियोजना का निदेशक (तकनीकी) श्री आर. के. विश्नोई के द्वारा निरीक्षण किया गया।

उक्त केन्द्र में कृषि आजीविका सम्बन्धित किया कलापों, सैनेटरी नैपकिन का उत्पादन तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिसका लाभ यहां के निवासियों को अनवरत रूप से मिलता रहे। निरीक्षण उपरान्त कृषकों की आय को बढ़ाने हेतु ग्राम कोडारना एवं ब्लॉक प्रताप नगर, टिहरी गढ़वाल के कृषक समूहों को फार्म मशीनरी के उपकरणों को हरी झण्डी दिखाकर निदेशक (तकनीकी) ने रवाना किया। कृषकों की आय को दोगुनी किये जाने हेतु सेवा–टीएचडीसी द्वारा सी.एस.आर. फंड से अब तक लगभग 70 कृषक समूहों को फार्म मशीनरी बैंक वितरित किये जा चुके है। जिसके व्यय का 80 प्रतिशत कृषि विभाग एवं 20 प्रतिशत सेवा–टीएचडीसी द्वारा वहन किया जा रहा है। परियोजना प्रभावित परिवारों की आंवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये ग्राम सभा कोडारना एवं गुजराणा के कृषकों को बीज वितरण, पौधे वितरण, एवं राजकीय प्राथमिक विघालय कोडारना के छात्र– छात्राओं को स्कूली बैग, ट्रेक सूट, पोषण आहार (गुड़ चना) का वितरण टीएचडीसी के निदेशक (तकनीकी) द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान अधिशासी निदेशक श्री एच.एल. भारज, महाप्रबन्धक श्री शैलेन्द्र सिंह, उप महाप्रबन्धक श्री राजेश्वर गिरि, राजकीय हाईस्कूल कोडारना के प्रधानाघ्यापक श्री शिवाकांत संचान, कृषक एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।



# चौखम्बा संस्था के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**ऋषिकेश**

सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत सामाजिक और पर्यावरण विभाग तथा सेवा–टीएचडीसी द्वारा संयुक्त रूप से 18 दिसम्बर, 2019 को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), देहरादून के सहयोग से **"चौखम्बा"** संस्था के माध्यम से टीएचडीसी डिस्पेंसरी में एक स्वैच्छिक



रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि टीएचडीसी लेडिज वेल. फेयर एसोसिशन की मुख्य संरक्षिका श्रीमती सुनीता सिंह, अधिशासी निदेशक श्री एच.एल. भारज, सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग के महाप्रबन्धक श्री शैलेन्द्र सिंह, आईएमए के निदेशक श्री संजय उप्रेती, टीएचडीसी लेडिज वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती रेणू जैन, श्रीमती भारज एवं डॉ. विभा चौधरी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आईएमए के निदेशक डॉ. संजय उप्रेती द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनसमुदाय को आईएमए की गतिविधियों से अवगत करवाया गया। डॉ. संजय द्वारा इस अवसर पर श्रीमती सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह एवं अधिशासी निदेशक, श्री भारज द्वारा रक्तदाताओं से व्यक्तिगत स्तर पर मुलाकात कर उनकी हौसला अफज़ाई की गयी व उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रक्तदान शिविर में अलग–अलग जिलों से आये व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें मुख्य कृषि अधिकारी टिहरी गढ़वाल डा. जे.पी. तिवारी के आह्वान पर टिहरी जिले के 09 ब्लॉकों के लोगों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त हरिद्वार एवं देहरादून जिले, टीएचडीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, पीजी कॉलेज ऋषिकेश एवं टीएचडीसीआईएल में अप्रेन्टिस कर रहे युवाओं का विशेष योगदान रहा। रक्तदान को लेकर युवा वर्ग में विशेष उत्साह देखा गया।

गौरतलब है कि इस अवसर पर 72 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में आईएमए की ओर से डॉ. कमल साहू व "चौखम्बा" संस्था की ओर से श्री आलोक डंगवाल अपनी तकनीकी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस मौके पर टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्यायें भी काफी संख्या में उपस्थित थी। इसके अतिरिक्त, उपमहाप्रबंधक श्री राजेश्वर गिरि एवं श्री सुनील शाह, वरिष्ठ प्रबंधक श्री अनिल भट्ट एवं श्री विपिन थपलियाल सहित सेवा–टीएचडीसी के विभिन्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



# टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर ऐसोसिएशन द्वारा सी.एस.आर के अंतर्गत सामग्री वितरण

**20 नवम्बर, 2019, ऋषिकेश**

सी.एस.आर विभाग एवं टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सी.एस.आर गतिविधियों से सम्बन्धित सामग्री वितरण एवं टीएचडीसी के सीएसआर कार्यों में उल्लेखनीय सहयोग करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारभं टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन की मुख्य संरक्षिका श्रीमती सुनीता सिंह व संरक्षिका श्रीमती मुदिता गोयल, श्रीमती सागरिका बेहेरा, श्रीमती चंचल विश्नोई तथा अधिशासी निदेशक श्री एच. एल. भारज एवं महाप्रबन्धक श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री एच. एल. भारज द्वारा सी. एस.आर के तहत टीएचडीसी द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया व साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीएसआर थीम **''स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण''** के अनुपालन में किये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया।




मुख्य अतिथि एवं टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन की अन्य पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से टीएचडीसी द्वारा हितधारकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत संचालित विभिन्न सीएसआर परियोजनाओं से सम्बन्धित सामग्रियों का वितरण किया गया, जिसमें मुख्यतः भारत सरकार द्वारा वर्तमान वर्ष हेतु निर्धारित थीम के अनुपालन में टिहरी जिले एवं ऋषिकेश स्थित 17 राजकीय विद्यालयों के 850 से अधिक छात्र–छात्राओं को उनके उचित पोषण हेतु 2 माह के लिये प्रति छात्र 2 किलो गुड़–चना वितरण किया गया। इसी क्रम में किशोरियों के व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के दृष्टिगत टिहरी एवं ऋषिकेश स्थित 3 इण्टरमीडिएट विद्यालयों को सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों का वितरण किया गया। शिक्षा में तकनीकी के महत्व को समझते हुये विभिन्न विद्यालयों को कम्प्यूटर एवं प्रोजेक्टर के साथ–साथ स्वच्छ जल हेतु आर.ओ./वॉटर फिल्टर वितरित किये गये। इस दौरान अनाथ बच्चों के प्रशिक्षण हेतु सिलाई एवं बुनाई मशीनों का भी वितरण किया गया।

इसके अतिरिक्त, स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु ऋषिकेश शहर के निकट ग्रामसभा गुमानीवाला को 80 ली. क्षमता के 10 डस्टबिन भी उपलब्ध करवाये गये। साथ ही 2 दिव्यांगजनों

को व्हीलचियर उपलब्ध करवायी गयी। समारोह के दौरान मूलतः दीनगांव, टिहरी निवासी एवं वर्तमान में गुजरात में प्रवास कर रहे ग्रीन स्कूल विषेशज्ञ श्री वीरेन्द्र रावत द्वारा टीएचडीसी एजुकेशन सोसायटी द्वारा अल्प आय के बालक–बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करने में निभायी जा रही उल्लेखनीय भूमिका से प्रभावित होकर रुपये 1 लाख की




सहयोग राशि प्रदान की गयी। इसी क्रम में सेवा–टीएचडीसी द्वारा टीईएस स्कूल ऋषिकेश में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं के कल्याण हेतु बीस हजार की धनराशि उपलब्ध करवायी गयी।

सामारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा टीएचडीसी के सीएसआर में उल्लेखनीय सहयोग करने हेतु टिहरी जिले के मुख्य कृषि अधिकारी डा. जे. पी. तिवारी, टीएचडीसी को एलोपैथिक औषधालय संचालित करने हेतु दीनगांव में अपना पैतृक भवन निःशुल्क उपलब्ध करवाने वाले ग्रीन स्कूल विशेषज्ञ श्री वीरेन्द्र रावत, सेवा–टीएचडीसी के सहयोग से सफलतापूर्वक आर्कटिक अध्ययन भ्रमण करने वाली टीम में स्थान बनाने वाली सुश्री सुकृति कपूर एवं सेवा– टीएचडीसी की सीएसआर क्रियान्वयन सहयोगी संस्था ''वरदान'' की स्वंय सहायता समूह विशेषज्ञ सुश्री प्रोमिला थपलियाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री वीरेन्द्र रावत द्वारा सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग के महाप्रबन्धक श्री शैलेन्द्र सिंह को संयुक्त राष्ट्र संघ साधारण सभा से सम्बद्ध 26 सितम्बर 2019 को न्यूयार्क में आयोजित ग्रीन स्कूल कान्फ्रेंस में सीएसआर के माध्यम से सतत विकास के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने हेतु दिये गये ''ग्रीन सीएसआर अवार्ड 2019'' का प्रमाणपत्र सौंपा गया।

भारत सरकार के ''सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग न करने'' के आह्वान के समर्थन में जागरूकता हेतु विभिन्न नारों से युक्त पट्टिकाओं का विमोचन भी किया गया।

इस दौरान टीएचडीसी शिक्षा समिति द्वारा संचालित स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व रिंगाल परियोजना के तहत निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आर्कषण रहा।

महिला क्लब की मुख्य संरक्षिका श्रीमती सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने टीएचडीसी द्वारा सी. एस. आर. के माध्यम से समाज के लिये किये जा रहे उत्कृष्ठ कार्यो की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री पी.के. नैथानी, अपर महाप्रबंधक, डॉ. डी. एल. भट्ट, उप महाप्रबंधक एवं श्री राजेश्वर गिरि, उप महाप्रबंधक सहित महिला क्लब टी.एच.डी.सी. एवं सेवा–टीएचडीसी एवं सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

*"थोडा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर हैं।"*

*–महात्मा गांधी*

# मशरूम उत्पादन-महिलाओं की वैकल्पिक आय का स्रोत

सौरभ कुशवाहा

उत्तराखण्ड में 97% किसान लघु एवं सीमान्त वर्ग के है। जबकि कृषि योग्य भूमि का 93% भाग वर्षा पर निर्भर होता है। केवल 7% भूमि की सिंचाई अन्य साधनों द्वारा की जाती है। बढ़ती हुई आबादी, कृषि योग्य भूमि की कमी एवं मौसमी बदलाव के कारण पहाड़ पर निवास करने वाली गरीब जनता का जीवनयापन कठिन होता जा रहा है।

विकास एवं स्थिरता को ध्यान में रखते हुए सेवा--टीएचडीसी द्वारा कृषि आय को बढ़ाने हेतु एवं वहां मौजूद संसाधनो का प्रयोग कर, मशरुम उत्पादन किया जा रहा है। यह तरीका कृषि कार्य से हटकर है जो कि किसानों की आय को बढ़ाने का स्रोत बन सकता है। विशेषकर उन परिवारों के लिए जिनके पास न्यूनतम या बिल्कुल भी कृषि भूमि नहीं है। मशरुम के अन्दर conjugated linoleic acid की उपस्थिति, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का कार्य करती है, के कारण इसकी बढ़ती हुई मांग किसानों के लिए अतिरिक्त अवसर उत्पन्न कर सकती है।

वर्ष 1800 में मशरुम उत्पादन के शुरु होने से अब तक बहुत सारे देशों के छोटे एवं सीमांत किसानों ने इसे अपनाया है। मशरुम उत्पादन हेतु भूसा तैयार करने के लिए किसानों को भूसे एवं देशी खाद की आवश्यकता होती है, जो उन्हें अपनी ही खेती से प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार तैयार किये गये भूसे के अन्दर spawn को मिलाकर थैले में भरकर ऐसे कमरों में रख देते है जो कि अधेंरे तथा नमी युक्त हों। ऐसे कमरे ग्रामीण आबादी में आसानी से मिल जाते हैं और अधिकांशतः यह कमरे खाली रहते हैं, जो कि अब पहाड़ी किसानों की आय का साधन बन रहे हैं।

सेवा – टीएचडीसी की निधि से शहीद भगत सिंह कॉलेज (सायंकालीन), दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दीन गांव में चलाये जा रहे विकास एवं शोध केन्द्र के द्वारा मशरूम उत्पादन को एक मुख्य गतिविधि के रुप मे विकसित किया जा सकता है। कृषि योग्य भूमि की कमी तथा बदलते हुऐ मौसम के कारण यह एक मुख्य नकदी फसल साबित हो सकती है। दीनगांव क्षेत्र में विकास एवं शोध केन्द्र के माध्यम से मशरूम उत्पादन गतिविधि में प्रतिभाग करने वाली सभी महिलाएं शामिल रही हैं, जिन्होंने मशरूम को उत्पादन से लेकर बाजार तक पहुंचाया तथा विक्रय कर यथोचित लाभ कमाया।

मशरूम उत्पादन, गांव की महिलाओं को आय देने के साथ –साथ पोषण की आवश्यकताओं को भी पूरा करता है, क्योंकि उनके उत्पन्न किये गए मशरूम का कुछ भाग वह स्वयं भी उपभोग करती है।

बहुत सारे अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि महिलायें



तैयार मशरूम

खेती कार्यो में पुरूषों के बराबर कार्य करने के बाद भी आय में सीधी भागीदार नहीं होती है। लेकिन मशरूम उत्पादन पूर्ण रूप से महिलाओं द्वारा किया जा सकता है व मशरूम की आय पर उन्हें पूर्ण अधिकार देता है। यह वैकल्पिक आजीविका, प्रशिक्षण के उपरान्त, गांव के उन लोगों, खास तौर से उन महिलाओं द्वारा भी अपनायी जा सकती है जो कम पढ़े या निरक्षर होने के कारण समाज के अन्दर हासिये पर हैं। उन्हें केवल प्रेरणा एवं प्रशिक्षण देने, गुणात्मक बीज में सहायता करने तथा नियमित प्रतिपुष्टि (फीडबैक) की आवश्यकता होती है, जिसके उपरान्त ऐसी महिलाएं समाज में अपना स्थान बनाने में समर्थ हो जाती हैं। सेवा– टीएचडीसी की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत दीन गांव (प्रताप नगर) में शहीद भगत सिंह, कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार 2018–19 में 10 स्वयं सहायता समूहों की 92 महिलाओं द्वारा मशरूम उत्पादन करवाया गया।

मशरूम उत्पादन करने वाली महिलाओं से जरूरी जानकारी हासिल की गयी जो कि नीचे दी गयी सारणी के माध्यम से दर्शायी गयी है–

| क्रमांक | समूह का नाम | ब्लॉक और जिला | इकाई लागत | उत्पादन | बिक्री मूल्य @ रु। 200 / किग्रा | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जय नागराजा समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 4300/— | 35 किग्रा | 7000/— | 7 |
| 2 | खाडी सुरक्षा समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 3800/— | 30 किग्रा | 6000/— | 7 |
| 3 | नाग देवता समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 3100/— | 30 किग्रा | 6000/— | 8 |
| 4 | कृषक मित्र समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 2800/— | 12 किग्रा | 2400/— | 7 |
| 5 | भवानी देवी समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 5000/— | 40 किग्रा | 8000/— | 13 |
| 6 | घंडियाल देवता समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 5000/— | 32 किग्रा | 6400/— | 15 |
| 7 | नरसिंह देवता समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 5000/— | 30 किग्रा | 6000/— | 12 |
| 8 | जय माँ दुर्गा समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 5000/— | 24 किग्रा | 4800/— | 9 |
| 9 | जय नाग देवता समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 4000/— | 25 किग्रा | 5000/— | 7 |
| 10 | कृषक कामना समूह | प्रतापनगर, टिहरी | 2000/— | 12 किग्रा | 2400/— | 7 |
| कुल योग | | | 40000/— | 270 किग्रा | 54000/— | 92 |

उपरोक्त तालिका से पता चलता है कि उत्पादन अनुपात लागत का 135/ प्रतिशत था

**इस के साथ थौलधार ब्लॉक के पांच गावों (इंडर, हडगी,कांडीखाल (कलेथ), मंजखेत एवं सुनारगांव) में भी आजीविका वृद्धि हेतु मशरूम प्रशिक्षण एवं उत्पादन इकाई स्थापित की गयी है, यह इकाई सेवा–टीएचडीसी की निधि से सेंटर फॉर बिजनेस एण्ड इन्टरप्रेयूरियल डेवलपमेंट (सीबीईडी)–देहरादून, द्वारा स्थापित की गयी है जिसके लिए 15 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं।** इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ऐसी खेती प्रणाली और उत्पादन चक्र का समावेश जो अच्छे उत्पादन की संभावना तथा विभिन्न मूल्य संवर्धन प्रक्रिया जिनसे मशरुम के मूल्य तथा मशरुम के शेल्फ जीवन की बढ़ोत्तरी हो सके और इस के साथ ओएस्टर मशरुम (प्लोरोटस ओस्ट्रीटस) और गनोदेर्मा (गनोडर्मा ल्यूसिडम) की खेती के लिए उपयुक्त और विश्वसनीय व्यावसायिक खेती तकनीकों को बढ़ावा दे सके और सामूहिक कृषि इनपुट खरीद और विक्रय का कार्य कर सके।

मशरूम उत्पादन की जानकारी की कमी और कीट तथा बीमारियों से बचाव की जानकारी का अभाव एक समस्या है, जिसे मशरूम उत्पादकों का समूह बनाकर एवं सेवा–टीएचडीसी द्वारा प्रशिक्षण देकर दूर किया जाएगा।

मशरूम उत्पादन के लिए भूसे का होना, साथ ही इसको करने वालों की उपस्थिति, कम पर्यावरण प्रदूषण तथा अकार्बनिक खेती की मौजदूगी और संगठनात्मक खेती की कमी साथ ही पहाड़ी गांवों की गरीबी का स्तर ज्यादा होना कुछ ऐसे कारण हैं, जिनके कारण मशरूम उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है।

प्रशिक्षण तथा विपणन और साथ में गांव के लोगों में व्यावसायिक सोच पैदा करने की आवश्यकता है। इस छोटे से कार्य से न सिर्फ महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि लम्बे समय में इसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी दिखाई पड़ने की आशा है। मशरुम उत्पादन के बाजारीकरण के द्वारा गांवों एवं शहरों की दूरी कम की जा सकती है। तथा कुछ हद तक पहाड़ियों से पलायन को भी रोक सकता है।



ऊषा देवी, ग्राम–सेरा, ब्लॉक–प्रतापनगर, जिला–टिहरी अपने समूह जय नागराजा समूह द्वारा तैयार किये जाने वाले मशरूम के साथ

TRAINING

# "Impact the Outcome for Leadership"

Considering the dynamic relationship between well-being and the outcome at the Workplace, a health & wellness training program named "Impact the outcome for Leadership" was organized at The Lalit Laxmi Vilas Palace, Udaipur from 15th to 16th November, 2019.



Program was attended by CMD, Director (Pers.), Director (Tech.), EDs & GMs. Spouses of the participants were also the part of the Program. Program was designed by Corporate HRD and was facilitated by renowned wellness speaker Dr. Sanchita Bhattacharya.

Participants appreciated the program and efforts of Corporate HRD for the multifaceted approach of covering varied areas for overall development of participants and organization through training programs.

# Advanced Management Program (AMP) at ASCI - Hyderabad

With the aim to meet Competency Development needs of organization, 40 Executives (in two batches of 20 Executives DGM – Levels) were nominated for Advanced Management Program at Administrative Staff College of India (ASCI), Hyderabad, a Premier Institution in the field of Post-Experience Management Education. AMP for 1st batch was conducted during 23-27 September, 2019.



Director (Pers.) Shri Vijay Goel inaugurated the program at ASCI – Hyderabad for the 2nd batch of AMP conducted during 25-29 November, 2019. In his Inaugural address, Director (Pers.) emphasised the need of good Leadership Traits for the success of an Organization in the VUCA World. He also conveyed to the participants to make the best use of Learning Avenues at World Class Facilities at ASCI, Hyderabad.

# Conduct, Discipline & Appeal Rules

Conduct, Discipline & Appeal CDA Rules define the conduct of an Executive in the organization. In a wake to provide a thorough understanding of the CDA Rules and Disciplinary procedure, a 02 days program on the topic was organized during 2-3 December, 2019. Shri S.K. Sharma, former CGM (HR&ER) ONGC was the faculty.

The program was inaugurated by Shri Vijay Goel, Director (Pers.) and Shri H.L. Bharaj, ED (HRD).



29 Executives from across the locations and functions attended the program and found it a immense helpfull in their day to day functioning.

# "Drafting of Contracts & Contract Management"

Drafting & Negotiating Contracts are highly rewarding skills. In order to equip our Executives with the Effective Drafting & Negotiation Skills, a 02 days Residential Training



Program on "Drafting of Contracts & Contract Management" with emphasis upon High Value Contracts was organised during 05th & 06th December, 2019 at HRD Centre, Aam bag.

The program was organised through O. P. Jindal Global University, Sonipat . Total 21 Participants across various locations attended the training program. GM ( Contracts), Sh. Sandeep Singhal also attended the program and appreciated the efforts of HRD Deptt.

# "Women Empowerment Program for Work Life Balance & Leadership Development"

A series of Initiatives and Interventions have been undertaken by Corporate HRD for Women employees to provide them best learning opportunities and empowering them to drive their life forward by achieving Work Life Balance and unleashing their leadership potential. In this endeavour, a Training Program on "Women Empowerment for Work Life Balance & leadership development" was organised for Rishikesh and Tehri covering women employees under workmen category on 25th, 26th & 27th November, 2019 at HRD Centre. The program was got conducted through Dattopant Thengadi National Board for



Workers Education ( Erstwhile : Central Board for Workers Education ), Barielly. Sh. Pankaj Sharma & Sh. S. K. Arya were faculty for the program. The program provided a platform to Women Employees to share their views and become more aware of their abilities.

## ऋषिकेश महिला क्लब की "अपनी पाठशाला"



ऋषिकेश

महिला क्लब द्वारा अक्टूबर माह से गरीब कन्याओं के सर्वांगीण विकास के लिए "अपनी पाठशाला" से शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।



ऋषिकेश

17 दिसंबर को महिला क्लब द्वारा "अपनी पाठशाला" की बालिकाओं को टीएचडीसी कॉलोनी के उपवन में पिकनिक पर ले जाया गया।

## ऋषिकेश एवं टिहरी की महिला क्लब द्वारा बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया गया

ऋषिकेश में महिला क्लब की सदस्याओं के बच्चों और "अपनी पाठशाला" के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं टिहरी में भी तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब द्वारा भागीरथी पुरम कॉलोनी के बच्चों एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विश्वकर्मापुरम के छात्रों के साथ बाल दिवस मनाया गया।

ऋषिकेश



टिहरी



## टिहरी-तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब द्वारा तीज महोत्सव





# करवाचौथ-ऋषिकेश एवं टिहरी में हर्षोल्लास से मनाया गया।

ऋषिकेश




टिहरी



## श्रीमती अनुराधा बडोनी तरंगिनी महिला क्लब की नई अध्यक्षा

टिहरी

17 जुलाई, 2019 को श्रीमती अनुराधा बडोनी धर्मपत्नी श्री वी.के. बडोनी, अधिशासी निदेशक (टी.सी.) द्वारा तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की अध्यक्षा का पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्या श्रीमती प्रीतिमा ठाकुर एवं श्रीमती पूनम अग्रवाल द्वारा उनका गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया गया।







15 अक्टूबर, 2019 को श्रीमती चंचल विश्नोई धर्मपत्नी श्री आर.के. विश्नोई, निदेशक (तकनीकी) तथा 17 अक्टूबर, 2019 को श्रीमती सागरिका बेहेरा धर्मपत्नी श्री जे. बेहेरा, निदेशक (वित्त) का टिहरी पहुँचने पर तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

# तरंगिनी महिला क्लब का वार्षिक उत्सव

दिनांक 02 दिसम्बर, 2019 को तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब द्वारा क्लब का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक झलक–










# 33वें एनसीक्यूसी-2019 में टीएचडीसीआईएल की 03 टीमों को Par Excellence अवार्ड

33वें एनसीक्यूसी–2019 का दिनांक 26 से 30 दिसम्बर तक चली वार्षिक मीट का आयोजन वाराणसी के IIT BHU कैम्पस में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न सीपीएसयू एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों की 1400 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। पाँच दिवसीय इस मीट में टीएचडीसीआईएल की कुल नौ टीमों ने भाग लिया। ऋषिकेश की दर्पण टीम, टिहरी की जल शक्ति, कोटेश्वर की जल तरंग टीम को Par Excellence अवार्ड वहीं टीम लक्ष्य (टिहरी), टीम संजीवनी (टिहरी), टीम पुर्ननवा (ऋषिकेश), को excellence अवार्ड से सम्मानित किया गया।







निदेशक (कार्मिक) श्री विजय गोयल एवं अपर महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.) एन.के. प्रसाद द्वारा सभी विजयी टीमों को बधाई एवं शुभकामनायें दी गयी। सभी टीमों का समन्वय श्री दिलीप द्विवेदी, प्रबंधक एवं प्रशांत चौधरी, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया।

# म्यूजिकल नाइट का आयोजन





**ऋषिकेश**

ऑफिसर्स क्लब द्वारा दिनांक 27 दिसम्बर, 2019 को रसमंजरी हाल में एक म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका रोजलीन साहू एवं उनके साथी मिरोन रॉय ने अपने गीतों से शाम को रंगीन बना दिया, वहीं साथ में नामचीन कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के भाई दीपू श्रीवास्तव ने अपने चुटकुलों से लोगों को खूब गुदगुदाया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया टीचडीसीआईएल टिहरी के उमंग आफिसर्स क्लब का वार्षिकोत्सव

20 दिसम्बर, 2019 को टीएचडीसीआईएल टिहरी के उमंग आफिसर्स क्लब का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि टीएचडीसीआईएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी. पी. गुप्ता, अधिशासी निदेशक (टीसी) श्री वी.के. बडोनी, महाप्रबन्धक (के.एच.ई.पी.) श्री पी.के. अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, महाप्रबन्धक (पीएसपी) श्री के.पी. सिंह, श्रीमती सविता कंवर, महाप्रबन्धक (ओ एण्ड एम) श्री सजीव आर, अपर महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री वीर सिंह, उमंग आफिसर्स क्लब के अध्यक्ष श्री दीपक कुमार, श्रीमती सीमा ढोडी द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य सर्तकता अधिकारी टीएचडीसीआईएल श्री वी.पी. गुप्ता एवं अधिशासी निदेशक



(टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी एवं अन्य वरि. अधिकारियों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।



इस अवसर पर टिहरी के अधिकारियों द्वारा युगल रैंप वाक, लाइव बैंड, एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जो कि बहुत ही सराहनीय एवं मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।



देहरादून से आये रवि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें गढ़वाली, पंजाबी एवं पुरानी फिल्मों के गीत प्रस्तुत किये गये।

# श्रीदेव सुमन कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक क्लब का वार्षिकोत्सव

5 दिसम्बर, 2019 को टिहरी में श्रीदेव सुमन कर्मचारी पर्यवेक्षक क्लब का द्वितीय वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (टीसी) श्री वी.के. बडोनी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का क्लब के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभांरम्भ भारतीय संस्कृति की परम्परा को निभाते हुए मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी, महाप्रबन्धक (के.एच.ई.पी.) श्री पी.के. अग्रवाल, महाप्रबन्धक (पी.एस.पी.) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबन्धक (ओ. एण्ड एम.) श्री सजीव आर, महाप्रबन्धक (स्टेज–प्रथम) श्री यू.के. ठाकुर एवं श्री देव सुमन कर्मचारी पर्यवेक्षक क्लब के अध्यक्ष श्री विरेन्द्र उनियाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या पर आमंत्रित उत्तराखण्ड के मशहूर गायक अमित सागर एण्ड पार्टी द्वारा गढवाली, हिन्दी, जौनसारी, पंजाबी आदि गीत गानों की प्रस्तुति ने उपस्थित समुदाय को नाचने को मजबूर कर दिया।

# टीएचडीसी चालक और हैल्पर यूनियन का वार्षिक मिलन समारोह 2019 का आयोजन

06 दिसम्बर, 2019 को टीएचडीसी चालक हैल्पर कर्मचारी यूनियन, द्वारा वार्षिक मिलन समारोह बहुद्देशीय भवन भागीरथी पुरम में बड़े हर्ष के साथ मनाया गया। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी. के. बडोनी एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (स्टेज–प्रथम) श्री यू.के. ठाकुर, अपर महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री एम.के. सिंह, उप महाप्रबधंक (कार्मिक एवं प्रशासन) के.एच.ई.पी. श्री बी. के. सिन्हा थे। चालक हैल्पर यूनियन के अध्यक्ष श्री त्रिलोक सिंह रावत द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



# टिहरी में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

06 नवम्बर, 2019 को टिहरी में टिहरी एवं कोटेश्वर के कार्मिकों के मनोरंजन हेतु एक वृहद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध गायक राइजिंग स्टार–2 के विजेता श्री हेमंत बृजवासी रहे जिन्होंने अपने गानों से लोगों का मन मोह लिया।



इससे पहले अधिशासी निदेशक (टी.सी.) श्री वी.के. बडोनी,

महाप्रबंधक (के.एच.ई.पी.) श्री पी.के. अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, महाप्रबंधक (पी.एस.पी.) श्री के.पी. सिंह, महाप्रबंधक (ओ. एंड एम.) श्री सजीव आर, महाप्रबंधक (स्टेज–प्रथम) श्री यू.के. ठाकुर, श्रीमती प्रतिमा ठाकुर, अपर महाप्रबंधक (का. एवं प्रशा.) श्री वीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

बृजवासी एवं उनकी टीम ने हिंदी एवं सूफी गानें गाये। हिंदी फिल्मों के नए एवं पुराने गानों के संगम ने उपस्थित जन समूह को झूमने में विवश कर दिया।



# योग

*संकलन–जी.पी. नौटियाल*
*कॉरपोरेट संचार विभाग, ऋषिकेश*

योग शब्द का उद्गम संस्कृत भाषा से है इसका अर्थ जोड़ना एवं एकत्र करना है। योगिक व्यायामों का एक पवित्र प्रभाव होता है और यह शरीर एवं मन, चेतना और आत्मा को संतुलित करता है, योग हमें दैनिक मांगो की समस्याओं, परेशानियों इत्यादि का मुकाबला करने में सहायक होता है। योग स्वयं के बारे में समान जीवन का प्रयोजन और ईश्वर से हमारे संबंध की जानकारी विकसित करने में सहायता करता है। यह जीवन का प्रकाश है, विश्व की सृजनात्मक चेतना है जो सदैव सजग रहती है और कभी सोती नहीं है जो हमेशा थी, हमेशा है और हमेशा होगी व रहेगी, हर मानव की इच्छा स्वयं से पर्यावरण के समरस होकर जीवित रहने की है तथापि आधुनिक युग में अधिक शारीरिक और भावात्मक इच्छाऐं लगातार जीवन के अनेक क्षेत्रों पर भारी पड़ रही हैं। परिणामतः अधिकाधिक व्यक्ति, तनाव, चिंता, अनिद्रा जैसी शारीरिक और मानसिक बीमारियों से पीड़ित रहते हैं।

**● दैनिक जीवन में योग के मुख्य लक्ष्य**

(1) शारीरिक स्वास्थ्य
(2) मानसिक स्वास्थ्य
(3) सामाजिक स्वास्थ्य
(4) आध्यामिक स्वास्थ्य
(5) आत्मानुभूति या हमारे अंदर दिव्यात्मा की अनुभूति

**● लक्ष्यों की प्राप्ति निम्नलिखित द्वारा होती है**

(1) सभी जीवधारियों के प्रति प्रेम और सहायता का भाव
(2) जीवन के प्रति सम्मान और प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण
(3) मानसिक शांति
(4) पूर्ण शाकाहारी भोजन
(5) शुद्व विचार और सार्थक एवं सकारात्मक जीवन शैली
(6) शारीरिक एवं मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास
(7) सभी शब्दों एवं संस्कृतियों और धर्मों के प्रति सहानुभूति सहनशीलता

योग द्वारा चेतना का विकास ही स्वास्थ्य का मूलाधार है। योग हमे द्विव्य दृष्टि प्रदान करता है।

योग का उद्देश्य है जीवन का सर्वांगीण विकास करना। सर्वांगीण विकास से तात्पर्य है, कि शारीरिक, मानसिक, वैद्धिक तथा आत्मिक विकास करना।

*योग करें रोज*
*मोज करें रोज*
*स्वस्थ्य रहें रोज*

## Congratulations

Anshika Agrawal D/o Sh. Anand Kumar Agrawal
Sr. Manager (Admn.), Rishikesh has Secured 95.75 %
Marks in Class XII ICSE Examination, 2019



## बैडमिंटन महिला टीम ने जीता स्वर्ण एवं रजत पदक

पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में REC द्वारा 24वें अंतर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन नई दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में किया गया।

14 से 18 दिसम्बर, 2019 तक चली इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में कुल 10 एवं पुरुष वर्ग में कुल 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त एकल (सिंगल्स) इवेंट में लगातार अपना दबदबा बनाते हुए पिछले वर्षों की भाँति सुश्री भावना रावत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सुश्री भावना रावत के नेतृत्व में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की महिला टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। एकल (डबल्स) इवेंट में सुश्री भावना रावत और सुश्री डेजी ईरानी ने कांस्य पदक जीता।





## प्रकाश साहू का आल इंडिया पब्लिक सेक्टर टीम में चयन

BBMB द्वारा पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में 24वीं ICPSU वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 04 से 06 दिसम्बर, 2019 तक पंजाब राज्य के नागल में किया गया। टीएचडीसी टीम में इस बार शामिल नए सदस्य अंकित राणा, प्रकाश साहू और सूरज कन्नौजिया को उनके उत्तम प्रदर्शन के लिए सराहा गया, जिनमें से प्रकाश साहू का चयन आल इंडिया पब्लिक सेक्टर टीम में किया गया।

## कैरम प्रतियोगिता– महिला टीम ने प्राप्त किया रजत पदक

पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में 22वें अंतर सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट का आयोजन NHPC द्वारा सिलीगुड़ी में किया गया। 16 से 20 नवम्बर तक चली इस प्रतियोगिता में श्रीमती रश्मि बडोनी के नेतृत्व में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की महिला टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।





### शोक संवेदना

श्री देवी लाल वर्मा, वरिष्ठ अभियंता, वाणिज्यिक विभाग, ऋषिकेश का दिनांक 19.11.2019 को असामयिक निधन हो गया। हम उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते है तथा ईश्वर से प्रार्थना करते है कि उनके परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरान्त कारपोरेशन की सेवा से सेवानिवृत्त हुए सभी को भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएँ।



श्री ए.सी. जोशी, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत 30.11.2019 को ऋषिकेश से सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गयी।



श्री अनिल कुमार चावला
अपर–महाप्रबंधक (Liason),
देहरादून कायार्लय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.12.2019



श्री के.डी.पी. दूबे
वरिष्ठ प्रबंधक (कारपोरेट कम्यूनिकेशन)
ऋषिकेश कायार्लय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.10.2019



श्री अनिल कुमार
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी
ऋषिकेश कायार्लय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.10.2019



श्रीमती कुसुम लता पाण्डे
लेखा अधिकारी (S.G.)-F.A
देहरादून कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.12.2019



श्री हरी प्रसाद पालिवाल
वरिष्ठ कार्यसहायक–VII, (मकैनिकल)
टिहरी कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.10.2019



श्री राजेंद्र प्रसाद जुयाल
वरिष्ठ चालक–VIII (EG), (डैम एवं स्पिल–वे)
टिहरी कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.12.2019



श्री विश्वेश्वर प्रसाद
वरिष्ठ टेक्निशियन (मकैनिकल)
टिहरी कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.12.2019



श्री हीरा लाल
परिचारक (बाँध),
टिहरी कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.12.2019



श्री कुंदन सिंह रावत
परिचारक (बी.आर.एम.),
टिहरी कायार्लय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.12.2019



श्री बी.पी. पांडेय
वरिष्ठ सहायक (SG), क्वालिटी
लखनऊ कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.10.2019



श्रीमती विजया लक्ष्मी
वरिष्ठ सहायक (SG), क्वालिटी
टिहरी कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.10.2019



श्री जे.आर.पी. भगत
वरिष्ठ टेक्निशियन Gr–X,
ऋषिकेश कार्यालय
सेवानिवृत्ति तिथि: 31.10.2019

# THDCIL IN NEWS

विद्युत मंत्रालय केंद्र सरकार की ओर से आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता

## चित्रकला में हरिद्वार की नेहा को तृतीय स्थान




## चित्रकला प्रतियोगिता में उत्तराखंड की स्नेहा रहीं तृतीय




## राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्तराखंड की स्नेहा कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं




## सीएसआर कार्यों में बेहतर कार्य करने वाले किए सम्मानित



## टीएचडीसी ने सीएसआर के तहत खाद्य व पाठ्य सामग्री वितरित की

अमर उजाला ब्यूरो



टीएचडीसी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग।

ऋषिकेश। टीएचडीसी के सीएसआर विभाग व लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से स्कूली बच्चों को खाद्य व पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा सीएसआर कार्यों में उल्लेखनीय सहयोग करने वालों का सम्मान भी किया गया।

बुधवार को टीएचडीसी में आयोजित कार्यक्रम का एसोसिएशन की मुख्य संरक्षिका सुनीता सिंह, अधिशासी निदेशक एचएल भारज, महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक एचएल भारज ने सीएसआर के तहत टीएचडीसी की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी गई। भारत सरकार की ओर से निर्धारित सीएसआर थीम स्वास्थ्य शिक्षा व पोषण के अनुपालन में किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन की अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से हित

### सीएसआर में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया

धारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीएसआर परियोजनाओं से संबंधित सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान टिहरी जिले व ऋषिकेश के 17 राजकीय विद्यालयों के 850 से अधिक छात्र छात्राओं को दो माह के लिए प्रति छात्र दो किलो गुड़ व चना वितरित किया गया।

इसी क्रम में तीन इंटर कालेजों को सैनेटरी नैपकिन वैडिंग मशीनों का वितरण किया गया। शिक्षा में तकनीकि के महत्व को देखते हुए विभिन्न विद्यालयों को कंप्यूटर वितरित किया गया। इस दौरान अनाथ बच्चों के प्रशिक्षण के लिए सिलाई व बुनाई मशीनों का भी वितरण किया गया। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सभा गुमानीवाला को 80 लीटर क्षमता के 10 डस्टबिन भी उपलब्ध कराए गए। दो दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। अल्प आय के बालक बालिकाओं को शिक्षा में सहयोग देने के लिए एक लाख की सहयोग राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि अधिकारी डॉ. जेपी तिवारी, विरेंद्र रावत, सुकृति कपूर, प्रोमिला थपलियाल को सम्मानित किया गया।

## सिंगल यूज प्लास्टिक न करें उपयोग



प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के स्लोगन जारी करते टीएचडीसी के अधिकारी • टीएचडीसी

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन व सीएसआर विभाग की ओर से विभिन्न सीएसआर गतिविधियों से संबंधित सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टीएचडीसी के सीएसआर कार्यों में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ टीएचडीसी लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन की मुख्य संरक्षिका सुनीता सिंह व अधिशासी निदेशक एचएल भारज एवं महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एचएल भारज ने सीएसआर के तहत टीएचडीसी द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जिसमें भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीएसआर थीम स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण के अनुपालन में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि व एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से टीएचडीसी ने विभिन्न सीएसआर परियोजनाओं से संबंधित सामग्रियों का वितरण किया गया। जिसमें 17 राजकीय विद्यालयों के 850 से अधिक छात्र-छात्राओं को दो किलो गुड़-चना वितरित किया गया। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के दृष्टिगत तीन इंटरमीडिएट कालेजों को सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों का वितरण किया गया। समारोह में डॉ. जेपी तिवारी, वीरेंद्र रावत, सुकृति कपूर, प्रोमिला थपलियाल को सम्मानित किया गया। वीरेंद्र रावत ने सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग के महाप्रबंधक, शैलेंद्र सिंह को संयुक्त राष्ट्र संघ साधारण सभा से संबद्ध 26 सितंबर 2019 को न्यूयार्क में आयोजित ग्रीन स्कूल कॉन्फ्रेंस में सीएसआर के माध्यम से सतत विकास के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के लिए दिए गए ग्रीन सीएसआर अवार्ड 2019 का प्रमाणपत्र सौंपा। भारत सरकार के सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग न करने के आह्वान में जागरूकता के लिए विभिन्न नारों से युक्त पट्टिकाओं का विमोचन किया गया। इस दौरान टीएचडीसी शिक्षा समिति ने संचालित स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व रिंगाल परियोजना के तहत निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इस मौके पर पीके नैथानी, डॉ. डीएल भट्ट, राजेश्वर गिरि आदि उपस्थित थे।


**टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड**
**THDC INDIA LIMITED**
(भारत सरकार एवं उ.प्र. सरकार का संयुक्त उपक्रम)
A joint venture of Govt. of India & Govt. of U.P.
डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक (नीति) / कारपोरेट संचार) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश–249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135–2435842, वेबसाइट: http:/thdc.co.in ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com


गृह पत्रिका में प्रकाशित लेखों / रचनाओं में व्यक्त किये गये विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
(नि:शुल्क आंतरिक वितरण के लिए)

Follow us:- @THDCIL 24x7 @THDCIL_MOP @THDCIL @THDC India Limited - Official


Designed & Printed by: Alaknanda Advertising Pvt. Ltd.